जिसमें तीन वर्षों के दौरान पंजीकृत हुईं संस्थाओं की अनुदान की राशि सहित संख्या

क्रम सं०	वर्ष	संस्थाओं की संख्या	सहायता अनुदान (रु०)
1.	1989–90	11	37,07,493
2.	1990–91	11	50,54,912
3.	1991–92	18	64,48,819

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

964. श्री कैलाश नारायण सारंग : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को दी जाने वाली पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियों की दर की, प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के आरम्भ में 1 जुलाई को प्रचलित मूल्य-सूचकांक के आधार पर, समीक्षा करना अपेक्षित होता है; और

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) और (ख) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियों की दर की आवधिक समीक्षा की जाती है परन्तु प्रत्येक वर्ष के आरम्भ में नहीं । इसकी इस वर्ष समीक्षा की गई थी लेकिन पर्याप्त वित्त के अभाव में, योजना आयोग इसमें आगे संशोधन करने के लिए सहमत नहीं हो सका ।

Inclusion of seme communities of' Assam in ST List

965. SHRI BHADRESWAR GOHAJN : Will the Minister of WELFARE be pleased to state :

(a) what is the number of memorandum received by Government to include certain communities of Assam in Scheduled Tribe list;

(b) what are the details thereof and the decision of Government on these memorandums:

(c) whether any Bill to this effect would be introduced hi the current session of Parliament: and

(d) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI S1TARAM KESRI) : (a) to (d) In all eleven representations have been received during 1991 and 1992 for inclusion of certain communities in the list of Scheduled Tribes in Assam. These representations are being considered alongwith similar other proposals in the context of the comprehensive revision of lists of Scheduled Castes/Scheduled Tribes. Any amendment in the existing list of Scheduled Tribes can only be made through an Act of Parliament as laid down in Atticle 342 (2) of the Constitution.

नशा-निवारण अभियान

966. डा. बापू कालिदास : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा और संरक्षण योजना के अंतर्गत चलाया गया नशा-निवारण अभियान पूरी तरह विफल हो गया है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार नशा-निवारण अभियान के कार्य में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सरकार ने 2 अक्तूबर, 1992 से लोगों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध निवारक शिक्षा के माध्यम से चेतना सृजन हेतु वर्ष भर का एक नया विशाल अभियान आरम्भ किया है । इसके अंतर्गत